## कार्यक्रम / गतिविधियाँ

दिल्ली संस्कृत अकादमी दिल्ली सरकार की एक स्वायत्तशासी संस्था है। अकादमी द्वारा संस्कृत के प्रचार–प्रसार हेतु प्रतिवर्ष निम्नलिखित कार्य किए जाते हैं, जो अकादमी की कार्य–समिति द्वारा समय–समय पर निर्धारित नीति के अनुसार सम्पन्न कराए जाते हैं, तथा अनुदान राशि की उपलब्धता पर निर्भर करते हैं।

## सम्मान

| क्र.सं. | सम्मानों के नाम | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|
| 1. | संस्कृत साहित्य एवं संस्कृत साहित्य–सृजन के क्षेत्र में जीवनकाल में समग्र और अप्रतिम साहित्यिक योगदान के निमित्त **महर्षिवेदव्यास–सम्मानः** | **1,50,000 /–** |
| 2. | संस्कृति के क्षेत्र में (संस्कृत शिक्षा, संस्कृत पत्रकारिता, भाषा, आलोचना आदि ) जीवनकाल में सम्पूर्ण सांस्कृतिक अवदान के निमित्त सम्मान **महर्षिवाल्मीकि–सम्मानः** | **1,50,000 /–** |
| 3. | कथा साहित्य / व्याकरण / दर्शन के क्षेत्र में अवदान के निमित्त सम्मान– **बाणभट्ट सम्मानः / पाणिनि सम्मानः / शंकरसम्मानः** | **50,000 /–** |
| 4. | काव्य रचना / वेद / ज्योतिष / आयुर्वेद के क्षेत्र में विशिष्ट अवदान के निमित्त सम्मान **पण्डितराजजगन्नाथसम्मानः / सायणसम्मानः / भास्कराचार्यसम्मानः / धन्वन्तरिसम्मानः** | **50,000 /–** |
| 5. | बाल साहित्य (संस्कृत–अध्यापन आदि) के क्षेत्र में विशिष्ट अवदान के निमित्त सम्मान **पं॰ विष्णुशर्मा–सम्मानः** | **50,000 /–** |

वर्ष 2009–2010 से प्रारम्भ किए गये ये सम्मान प्रविष्टियाँ आमन्त्रित करने के पश्चात् अकादमी की समिति के द्वारा प्रविष्टियों के मूल्यांकन के पश्चात् चयनित विद्वानों को दिये जाते हैं, जिसमें उपर्युक्त राशि के अतिरिक्त मंगल कलश, शाल, अंगवस्त्र, प्रशस्ति–पत्र एवं प्रतीक चिह्न आदि द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन कर विद्वानों को सम्मानित किया जाता है।

## विद्यालीय / महाविद्यालीय–संस्कृत–सेवा सम्मान

इस योजना के अन्तर्गत दिल्ली स्थित विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्कृत–महाविद्यालयों / विद्यालयों के संस्कृत शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को अकादमी द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् की परीक्षाओं में संस्कृत विषय में कक्षा 10वीं एवं 12वीं अथवा 10वीं एवं 12वीं में सभी पढ़ाये गये छात्र / छात्राओं के 100 प्रतिशत परीक्षार्थियों के उत्तीण होने पर प्रति वर्ष सम्मानित किया जाता है। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम तथा छात्र–संख्या के आधार पर विद्यालयों / महाविद्यालयों एवं संस्कृत–विद्यालयों / महाविद्यालयों को भी सम्मानित किया जाता है। पुरस्कार स्वरूप प्रशस्तिपत्र, संस्कृत–साहित्य, अंग–वस्त्र, तथा शाल आदि देकर एक भव्य समारोह में सम्मानित किया जाता है। इसके लिए अकादमी द्वारा प्रत्येक विद्यालय / महाविद्यालय / संस्कृत–विद्यालय / संस्कृत–महाविद्यालयों को पत्र एवं प्रपत्र भेजे जाते हैं तथा विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कर सूचित किया जाता है।

## संस्कृत समाराधक सम्मान

इस योजना के अन्तर्गत दिल्ली स्थित विद्यालयों के संस्कृत एवं संगीत शिक्षक / शिक्षिकाओं को शिक्षा निदेशालय के 13 मण्डलों में दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्र / छात्राओं को तैयार करने हेतु सम्मानित किया जाता है तथा इसके लिए अकादमी द्वारा प्रत्येक विद्यालय को पत्र द्वारा सूचित किया जाता है तथा विभिन्न समाचार पत्रों में भी विज्ञापन देकर सूचित किया जाता है। जिन विद्यालयों ने मण्डलीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रथम से प्रोत्साहन तक स्थान प्राप्त किया है, उन विद्यालयों के जिन शिक्षकों ने प्रतियोगिताओं के लिए छात्र / छात्राओं को तैयार किया हो उन्हें पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र, अंग–वस्त्र एवं संस्कृत–साहित्य आदि देकर एक भव्य समारोह में सम्मानित किया जाता है।

## सम्मेलन

- अखिल भारतीय / अन्ताराष्ट्रिय संस्कृत सम्मेलन **एक**
- अखिल भारतीय संस्कृत कवि सम्मेलन **दो**

- अखिल भारतीय ज्योतिष सम्मेलन **एक**
- अखिल भारतीय आयुर्वेद सम्मेलन **एक**
- अखिल भारतीय संस्कृत पत्रकार सम्मेलन **एक**
- अखिल भारतीय संस्कृत छात्र सम्मेलन **एक**
- अखिल भारतीय संस्कृत विदुषी सम्मेलन **एक**

ये सम्मेलन समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर अथवा विद्वानों से पत्राचार करके उपयुक्त एवं प्रतिष्ठित विद्वानों को आमन्त्रित करके आयोजित किए जाते हैं।

## संस्कृत–परिचर्चा–संगोष्ठी

संस्कृत के प्रचार–प्रसार हेतु विद्वानों के विचार जानने के लिए संस्कृत साहित्य पर आधारित अनेक विषयों पर जैसे प्राचीन काल में युद्ध–विद्या, संस्कृत–वाङ्मय को मुस्लिम विद्वानों का योगदान, पंजाबी भाषा पर संस्कृत का प्रभाव, प्राचीन भारत के अन्ताराष्ट्रिय सम्बन्ध इत्यादि पर संगोष्ठी और परिचर्चा आयोजित की जाती हैं।

## संस्कृत–कवियों, लेखकों से साक्षात्कार

संस्कृत भाषा के कवियों/लेखकों के साक्षात्कार आयोजित करके उन्हीं के मुख से काव्यरचना इत्यादि के लिए मिली प्रेरणा तथा उनके जीवन के अनुभवों से जन–सामान्य को परिचित कराया जाता है।

## दिल्ली के संस्कृत–विद्वानों की समाराधना

यह कार्यक्रम दिल्ली के प्रतिष्ठित संस्कृत–विद्वानों की साहित्यिक कृतियों और संस्कृत के प्रचार–प्रसार के लिए उनके योगदान पर आधारित होता है, जिसमें सम्बन्धित विद्वान्/विदुषी की समस्त कृतियों पर परिचर्चा आयोजित की जाती है।

## संस्कृत प्रतिभा पुरस्कार

इस योजना के अन्तर्गत सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं संस्कृत विद्यालयों को पत्र द्वारा तथा समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कर 10वीं, 12वीं, बी० ए०, एम० ए०, प्रथमा, पूर्व मध्यमा, उत्तर मध्यमा, शास्त्री तथा आचार्य में उत्कृष्ट परिणाम वाले संस्कृत–छात्रों के नाम मंगाये जाते हैं। उनको प्रशस्ति पत्र, अकादमी द्वारा प्रकाशित साहित्य तथा रु० 500 से रु० 1500 तक की राशि देकर पुरस्कृत किया जाता है।

# जयन्ती

संस्कृत के प्रचार–प्रसार हेतु अकादमी विभिन्न विद्वानों महापुरुषों इत्यादि के अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया जाता है। जैसे, रविदास जयन्ती, वाल्मीकि जयन्ती, सुभाष जयन्ती, डॉ. हेडगेवार जयन्ती, वीर सावरकर जयन्ती, गुरुनानक जयन्ती आदि।

# छात्रवृत्ति

दिल्ली के सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों/संस्कृत–महाविद्यालयों को पत्र भेज कर तथा समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर संस्कृत विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अगली कक्षा में पुनः संस्कृत विषय लेकर पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं को कक्षा 9 से एम० ए० तक तथा संस्कृत विद्यालयों में पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष से आचार्य तक के सभी छात्रों को अकादमी समिति के द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार निर्धारित पुरस्कार राशि छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

# मण्डलीय संस्कृत प्रतियोगिताएँ एवं पुरस्कार

ये प्रतियोगितायें शिक्षा निदेशालय के सभी 13 मण्डलों में 6 दिनों तक संस्कृत छात्र/छात्राओं के बीच अकादमी द्वारा आयोजित संस्कृत भाषण, एकल तथा सामूहिक श्लोक संगीत, संस्कृत– वाद–विवाद, संस्कृत में कव्वाली एवं संस्कृत श्लोकोच्चारण पर आधारित होती हैं। प्रत्येक मण्डल के प्रथम एवं द्वितीय स्थान पाने वाले दलों के बीच एक केन्द्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसके आधार पर पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं। इससे बच्चों में नेतृत्व, मंच पर संस्कृत में अपनी भावना व्यक्त करने जैसे संस्कारों का समावेश होता है। इसी प्रकार विश्वविद्यालय स्तर पर भी संस्कृत–नाट्य, भाषण, वाद–विवाद, श्लोकसंगीत तथा काव्यालि–प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है तथा पुरस्कार वितरित किये जाते हैं।

# संस्कृत प्रश्न–मंच प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता सामान्य महाविद्यालयों एवं परम्परागत संस्कृत–विद्यालयों के छात्र–छात्राओं के लिए अलग–अलग आयोजित की जाती है, जिसमें छात्र/छात्राओं से वेद एवं उपनिषद्, दर्शनशास्त्र, व्याकरण, धर्मशास्त्र, ज्योतिष, वैदिक गणित, आयुर्वेद आदि विषयों पर प्रश्न पूछे जाते हैं तथा उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्रों को अकादमी द्वारा पुरस्कृत किया जाता है।

## व्याकरणसूत्र–अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता का आयोजन परम्परागत संस्कृत विद्यालयों/महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए होता है। उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र/छात्राओं को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

## संस्कृत–भाषण प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता का आयोजन सामान्य महाविद्यालय एवं परम्परागत संस्कृत–विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए करवाया जाता है। उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र/छात्राओं को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

## संस्कृत नाट्य एवं एकांकी नाटक प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत सामान्य महाविद्यालयों, परम्परागत संस्कृत–विद्यालयों /महाविद्यालयों एवं शिक्षा निदेशालय के विद्यालयों के छात्र/छात्राओं द्वारा अलग–अलग नाट्य–मंचन दिल्ली के सभागारों में किये जाते हैं। भाग लेने वाले छात्र/छात्राओं को उनके अभिनय कौशल के लिए अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

## श्लोक–अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत परम्परागत संस्कृत विद्यालयों के छात्र/छात्राएँ भाग लेते हैं। उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र/छात्राओं को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

## सद्यः निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

इस प्रतियोगता का आयोजन सामान्य महाविद्यालयों एवं परम्परागत संस्कृत विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए किया जाता है जिसमें निबन्ध लिखने का विषय प्रतियोगिता स्थल पर ही प्रदान किये जाते हैं। जिन पर प्रतिभागियों को निबन्ध लिखना होता है।

## संस्कृत लघु–चलचित्र–निर्माण प्रतियोगिता

इस प्रतियोगता का आयोजन दिल्ली स्थित संस्कृत/सामान्य महाविद्यालय में किया जाता है। जिसमें शास्त्री/आचार्य/स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के छात्र/छात्राएं भाग लेते हैं। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी चलचित्रों के विषय चयन के लिए स्वतन्त्र होते हैं, परन्तु

चलचित्र अमर्यादित अश्लील एवं राष्ट्रविरोधी नहीं होने चाहिए तथा चलचित्रों को मोबाइल या अन्य रिकार्डिंग यन्त्रों के माध्यम से बनाया जाता है तथा प्रतियोगिता स्थल पर इनको प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया जाता है।

## चित्राधारित श्लोक–रचना प्रतियोगिता

इस प्रतियोगता में प्रतिभागियों को प्रतियोगिता स्थल पर ही चित्र आवंटित किये जाते हैं, जिनको देखकर श्लोकों की रचना करनी होती है, श्लोकों की संख्या कम से कम 6 होनी आवश्यक होती है, श्लोक रचना के लिए छन्द चयन हेतु प्रतिभागी स्वतन्त्र होता है।

## प्राचीनकाव्यों पर आधारित प्रतियोगिता

यह प्रतियोगिता स्नातक/स्नात्ताकोत्तर/शास्त्री/आचार्य स्तर के छात्र/छात्राओं के लिए की जाती है। इस प्रतियोगिता में महाकवि कलिदास, पण्डितराज जगन्नाथ, भतृहरि, भवभूति, भारवि, भास, श्रीहर्ष, वाल्मीकि और जयदेव आदि की रचनाओं पर आधारित–काव्यों का काव्यपाठ किया जाता है, जिसमें अनुष्टुप छन्द के सात श्लोक और अन्य छन्दों के पांच श्लोक छात्र/छात्रा को प्रस्तुत करने होते हैं।

## संस्कृत वार्ता–अनुवाद प्रतियोगिता

संस्कृत वार्ता प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली स्थित सामान्य महाविद्यालय/संस्कृत महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के लिए किया जाता है। जिसमें प्रतिभागी को प्रतियोगिता स्थल पर निर्धारित विषय पर संस्कृत में तीन मिनट की वार्ता प्रस्तुत करनी होती है, जिसके लिए 30 मिनट पूर्व वार्ता की विषयवस्तु हिन्दी भाषा में प्रदान की जाती है जिसको प्रतिभागी द्वारा प्रतियोगिता स्थल पर संस्कृत में अनुवाद करके वार्ता प्रस्तुत करनी होती है।

## संस्कृत–वाद–विवाद प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता का आयोजन सामान्य महाविद्यालयों परम्परागत एवं संस्कृत विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए करवाया जाता है। उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र/छात्राओं को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

## वेद–मंत्र–अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता का आयोजन सामान्य महाविद्यालयों एवं परम्परागत संस्कृत विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए करवाया जाता है। उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र/छात्राओं को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

## एकल श्लोक–संगीत–प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता का आयोजन सामान्य महाविद्यालय एवं परम्परागत संस्कृत विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के लिए करवाया जाता है। उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र/छात्राओं को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कृत किया जाता है।

## अखिल भारतीय नवोदित संस्कृत–कवि–प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता का आयोजन समाचार–पत्रों में विज्ञापन देकर किया जाता है तथा उत्कृष्ट कविता–पाठ के लिए नवोदित संस्कृत–कवियों को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।

## संस्कृत–नाट्य–समारोह

इस समारोह के लिए कॉमर्शियल कलाकारों द्वारा संस्कृत में प्रसिद्ध प्राचीन एवं नवीन विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन किया जाता है। जैसे षोडश संस्कार, मृच्छकटिकम्, मेघदूतम् इत्यादि।

## अखिल भारतीय संस्कृत शोध–निबन्ध–लेखन–प्रतियोगिता

समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर पूरे भारत वर्ष से संस्कृत लेखकों से दिये गये निर्धारित विषय पर 250 पृष्ठों के शोध–लेख आमन्त्रित किए जाते हैं। विद्वानों से उनका मूल्यांकन कराकर उत्कृष्ट शोध–लेखों के लिए शोध–कर्ता विद्वानों को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कार दिये जाते हैं।

## अखिल भारतीय–मौलिक–लघुनाटक–लेखन–प्रतियोगिता

समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर पूरे भारत वर्ष से संस्कृत लेखकों से मौलिक लघुनाटक आमन्त्रित किये जाते हैं। उनका मूल्यांकन कराकर उत्कृष्ट कोटि की कृतियों के लिए रचनाकारों अकादमी समिति के द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कार दिए जाते हैं।

## अखिल भारतीय लघुकथा–लेखन–प्रतियोगिता

समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर पूरे भारत वर्ष के विद्वानों से संस्कृत–लघुकथाएँ आमन्त्रित की जाती हैं। उनका मूल्यांकन करवाकर उत्कृष्ट कोटि की लघुकथाओं के लिए विद्वानों को समिति द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कार दिये जाते हैं।

## अखिल भारतीय श्लोकसमस्यापूर्ति–प्रतियोगिता

समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर पूरे भारत वर्ष के विद्वानों से श्लोक आमन्त्रित किये जाते हैं, उनका मूल्यांकन करवाकर उत्कृष्ट कोटि की रचनाओं के लिए विद्वानों को अकादमी समिति द्वारा निर्धारित नीति के पुरस्कार दिये जाते हैं।

## चलचित्र गीत संस्कृत–अनुवाद प्रतियोगिता

महाविद्यालय स्तर पर आयोजित होनी वाली इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र/छात्राओं द्वारा भारतीय चल–चित्रों के हिन्दी गीतों का संस्कृत अनुवाद किया जाता है।

## संस्कृत एकल श्लोक गायन प्रतियोगिता

अकादमी 18 से 45 तक आयु वर्ग के संस्कृत प्रेमियों, छात्रों, शिक्षकों, विद्वानों के लिए संस्कृत एकल श्लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन करती है, जिसमें अकादमी द्वारा निर्धारित छन्द में प्रतिभागियों द्वारा चयनित श्लोकों का गायन करना होता है। पुरस्कृत प्रतिभागियों को निर्धारित नीति के अनुसार पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।

## अखिल भारतीय सद्यः पद्य–रचना प्रतियोगिता

अकादमी अखिल भारतीय स्तर पर संस्कृत–कवियों एवं कवयित्रियों के लिए अखिल भारतीय सद्यः पद्य–रचना प्रतियोगिता का आयोजन करती है, जिसमें अकादमी द्वारा निर्धारित स्थान पर तीन घण्टे की समयावधि में अकादमी द्वारा दिये गये विषय पर पद्य–रचना करके प्रस्तुतीकरण के आधार पर कवि–कवयित्रियों को पुरस्कृत किया जाता है तथा उत्कृष्टता के क्रम से अकादमी नीति के अनुसार पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।

# अध्ययन केन्द्र

अकादमी द्वारा समाचार–पत्रों में विज्ञापन देकर निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए नाम आमन्त्रित करके नाममात्र का प्रवेश शुल्क लेकर अध्ययन की व्यवस्था की जाती है।

## (1) व्यावहारिक संस्कृत अध्ययन केन्द्र

अकादमी द्वारा वर्ष 2017–18 से दिल्ली में 70 से अधिक केन्द्रों पर व्यावहारिक संस्कृत अध्ययन केन्द्र चलाये जाने की योजना के अन्तर्गत अनेक केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं, इन अध्ययन केन्द्रों में दिल्ली के प्रत्येक उम्र के जिज्ञासुओं के लिए व्यावहारिक जीवन में प्रयोग होने वाले संस्कृत के श्लोक, मन्त्र तथा सूक्तियों के बारे में जानकारी एवं प्रतिदिन उपयोग होने वाले संस्कृत शब्दों की जानकारी तथा उनके अर्थ बताकर अध्ययन की व्यवस्था की जाती है।

## (2) अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा–संस्कृत–शिक्षण–केन्द्र

यह प्रशिक्षण उन छात्रों को दिया जाता है जो संस्कृत को मुख्य विषय के रूप में लेकर आई० ए० एस० की परीक्षा उत्तीर्ण करना चाहते हैं।

## (3) जे.आर.एफ / नेट / एम.फिल परीक्षा संस्कृत–शिक्षण–केन्द्र

यह प्रशिक्षण उन छात्रों को दिया जाता है जो संस्कृत विषय से जे.आर.एफ. / नेट / एम.फिल की परीक्षाओं में भाग लेते हैं ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करवायी जाती है।

## (4) ज्योतिष, कर्मकाण्ड तथा वेदों का पारम्परिक–अध्ययन

अकादमी द्वारा ज्योतिष–कर्मकाण्ड तथा वेदों के पारम्परिक अध्ययन हेतु दिल्ली के संस्कृत विद्यालयों व महाविद्यालयों में आवश्यकता को देखते हुए पारम्परिक आचार्य की व्यवस्था की जाती है।

## (5) योग प्रशिक्षण केन्द्र

अकादमी द्वारा दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर केन्द्रों का संचालन कर योग का प्रशिक्षण दिया जाता है।

## संस्कृत शिक्षण कार्यशाला

संस्कृत शिक्षण को आधुनिक स्वरूप के अनुसार दिल्ली शिक्षा निदेशालय के संस्कृत शिक्षकों को संस्कृत विषय के शिक्षण हेतु नई–नई प्रविधियों का ज्ञान देने के लिए अकादमी दिल्ली में संस्कृत शिक्षकों एवं संस्कृत छात्र शिक्षकों के लिए समय–समय पर कार्यशालाओं का आयोजन करती है।

## संस्कृत नुक्कड़ नाटक समारोह

दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में अकादमी द्वारा संस्कृत विद्यालयों के छात्रों के माध्यम से संस्कृत–नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाता है और छात्रों को पुरस्कृत किया जाता है।

## संस्कृत–संगीत –संध्या का आयोजन (सांस्कृतिक कार्यक्रम)

दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में जन–सामान्य में संस्कृत के प्रति रुचि जागृत करने के लिए अकादमी द्वारा संस्कृत संगीत संध्याओं का आयोजन कराया जाता है। जिसके अन्तर्गत संगीत के उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा संस्कृत के गीत व संस्कृत की उत्कृष्ट रचनाओं का गायन अथवा संस्कृत से सम्बद्ध (अन्य भाषायी रचनाओं तथा लोक–गीतों का गायन किया जाता है। प्रस्तुति हेतु दिल्ली अथवा राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमन्त्रित किया जाता है।

## फ्यूजन म्यूजिक

संस्कृत के प्रति रुचि जागृत करने के लिए अकादमी द्वारा आधुनिक बैण्ड के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमन्त्रित करके फ्यूजन म्यूजिक संगीत का आयोजन किया जाता है।

## पाण्डुलिपि प्रकाशन–आर्थिक सहयोग

अकादमी द्वारा मौलिक संस्कृत लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए संस्कृत के कवियों/लेखकों को ग्रन्थ प्रकाशन के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाता है जो रु. 5000/– न्यूनतम से लेकर रु. 20,000/– अधिकतम हो सकती है। इसके लिए कुछ राशि पहले तथा कुछ राशि पुस्तक के प्रकाशन के बाद दी जाती है। सहयोग राशि पुस्तक के पृष्ठों पर आधारित होता है।

# अनुदान

दिल्ली संस्कृत अकादमी को प्रतिवर्ष दिल्ली में संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार के लिए दिल्ली सरकार द्वारा अनुदान राशि प्रदान की जाती है। इस अनुदान राशि का व्यय अकादमी नियमानुसार करती है। जिसका दिल्ली सरकार एवं भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष लेखा परीक्षण होता है।

# संस्कृत–पत्रिकाओं को विज्ञापन द्वारा आर्थिक सहयोग

संस्कृत–पत्रिकाओं और संस्कृत समाचार–पत्रों को अकादमी क्रियाकलापों/ उपलब्धियों आदि से सम्बन्धित विज्ञापन देकर आर्थिक सहयोग दिया जाता है।

# संस्कृत वाङ्मयोपायन–समारोह

अकादमी द्वारा दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पारम्परिक संस्कृत विद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यापीठों, गुरुकुलों के पुस्तकालयों हेतु संस्कृत के शास्त्रों का निःशुल्क वितरण किया जाता है।

# संस्कृत शिक्षण योजना

इस योजना के अन्तर्गत दिल्ली सरकार के विभिन्न विद्यालयों में वर्तमान में 35 संस्कृत शिक्षक एवं शिक्षिकाएं कार्यरत हैं जो 6 से लेकर 12वीं कक्षा तक शिक्षण का कार्य करते हैं।

# प्रशासनिक व्यवस्था

अकादमी के संविधान के अनुसार सचिव अकादमी का प्रशासनिक अधिकारी होता है। जो कि अकादमी की कार्यकारी समिति द्वारा निर्दिष्ट योजनाओं का कार्यान्वयन करता है। अकादमी के दायित्वों के संचालन के लिए सचिव द्वारा विभिन्न विभागों की स्थापना की हैसूचना के अधिकार को पारदर्शी बनाने के लिए जनसूचना अधिकारी बनाया गया है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न निवारण समिति का गठन किया गया है तथा जन–लोक शिकायतों का निवारण निरन्तर किया जाता है।

# वर्ष 2024-25 में आयोजित कार्यक्रम

| क्र.सं. | दिनांक | कार्यक्रम का नाम | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1) | 11/08/2024 | स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में<br>अखिल भारतीय संस्कृत कवि सम्मेलन एवं<br>सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन | हिन्दी भवन सभागार,<br>आई.टी.ओ., नई दिल्ली |
| 2) | 14/08/2024 | संस्कृत एकल श्लोक संगीत प्रतियोगिता<br>(मध्यमा स्तरीय)<br>संस्कृत व्याकरण सूत्रन्त्याक्षरी प्रतियोगिता<br>(मध्यमा स्तरीय) | श्रीनिवास संस्कृत विद्यापीठ, 174 रामानुज मार्ग, इब्राहिमपुर, दिल्ली-36 |
| 3) | 16/08/2024 | संस्कृत वेदमन्त्रन्त्याक्षरी प्रतियोगिता (मध्यमा स्तरीय)<br>संस्कृत श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता (मध्यमा स्तरीय) | श्रीनिवास संस्कृत विद्यापीठ, 174 रामानुज मार्ग, इब्राहिमपुर, दिल्ली-36 |
| 4) | 19/08/2024 | संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम<br>विषय:- "संस्कृत दिवस की परम्परा एवं प्रासंगिकता" एवं "आधुनिक विश्वम् अथ संस्कृतस्य वर्धमान: पदक्रम:" | हिन्दी भवन सभागार, आई.टी.ओ.,<br>नई दिल्ली |
| 5) | 04/10/2024 | संस्कृत संगोष्ठी<br>विषय:- "सामाजिक, राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य एवं संस्कृतनिष्ठ पत्रकारिता" | माता सुन्दरी महाविद्यालय, आई.टी.ओ<br>नई दिल्ली |
| 6) | 20/11/2024 | संस्कृत श्लोकसंगीत प्रतियोगिता (एकल)<br>(छठी से आठवीं तक तथा नवमी से बारहवीं तक) | दिल्ली संस्कृत अकादमी सभागार |
| 7) | 21/11/2024 | संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता(समूहिक)<br>(छठी से आठवीं तक तथा नवमी से बारहवीं कक्षा तक)<br>संस्कृत श्लोक संगीत प्रतियोगिता (समूहिक)<br>(छठी से आठवीं तक तथा नवमी से बारहवीं कक्षा तक) | दिल्ली संस्कृत अकादमी सभागार |
| 8) | 22/11/2024 | संस्कृत भाषण प्रतियोगिता (एकल)<br>(छठी से आठवीं तक तथा नवमी से बारहवीं कक्षा तक)<br>संस्कृत प्रश्नमंच प्रतियोगिता (एकल)<br>(छठी से आठवीं तक तथा नवमी से बारहवीं कक्षा तक) | दिल्ली संस्कृत अकादमी सभागार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9) | 26/11/2024 | द्विदिवसीय " संस्कृत साहित्योत्सव" के अर्न्तगत संस्कृत व्याख्यान माला<br>विषय:-<br>• संस्कृत एवं नवचिन्तन परम्परा<br>• संस्कृत एवं विज्ञान की अन्योन्याश्रितता<br>शोधपत्र वाचन<br>• भारतीय बौद्धिक परम्परा एवं संस्कृत भाषा | लक्ष्मीबाई महाविद्यालय, अशोक विहार, फेज-3, दिल्ली-52 |
| 10) | 27/11/2024 | संस्कृत प्रतियोगिता<br>• संस्कृत भाषण प्रतियोगिता<br>• संस्कृत सद्य: गद्यपाठ प्रतियोगिता<br>• संस्कृत प्रश्नमंच प्रतियोगिता<br>एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम | लक्ष्मीबाई महाविद्यालय, अशोक विहार, फेज-3, दिल्ली-52 |
| 11) | 02/12/2024 | ज्योतिष अध्ययन केन्द्र | दिल्ली संस्कृत अकादमी सभागार |
| 12) | 03/12/2024 | वास्तुशास्त्र अध्ययन केन्द्र | दिल्ली संस्कृत अकादमी सभागार |
| 13) | 09/12/2024 | संस्कृत शिक्षक कार्यशाला<br>विषय:- संस्कृत के संरक्षण, विश्लेशण और शिक्षण के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग | दिल्ली संस्कृत अकादमी सभागार |
| 14) | 11/12/2024 | गीता जयन्ती के उपलक्ष्य में व्याख्यानमाला<br>विषय:- (1) प्रशासन और प्रबंधन में श्रीमद्भगवद्गीता की प्रासंगिकता<br>(2) गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यै: शास्त्रविस्तरै: | दिल्ली संस्कृत अकादमी सभागार |
| 15) | 15/12/2024 | बहुभाषी कवि सम्मेलन | विश्व युवक केन्द्र, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली |
| 16) | 16/12/2024 | संस्कृत शिक्षक कार्यशाला<br>विषय:- संस्कृतभाषायाम-साहित्यशिक्षणे पाठनियोजनम् | दिल्ली संस्कृत अकादमी सभागार |
| 17) | 22/12/2024 | संस्कृत उत्सव (सांस्कृतिक कार्यक्रम)<br>संस्कृते चलचित्र-गीतानां प्रस्तुति: | दिल्ली हॉट, पीतमपुरा, दिल्ली |
| 18) | 25/12/2024 | संस्कृत उत्सव (सांस्कृतिक कार्यक्रम)<br>पाश्चात्य-संगीते संस्कृत-गीतानां प्रस्तुति: | दिल्ली हॉट, जनकपुरी, दिल्ली |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19) | 04/01/2025 | संस्कृत शिक्षक कार्यशाला<br>विषय:- अध्यापनस्य<br>दार्शनिकदृष्टिकोणा: | दिल्ली संस्कृत<br>अकादमी सभागार |
| 20) | 11/01/2025 | संस्कृत शिक्षक कार्यशाला<br>अध्यापकानां कृते संस्कृतकशिक्षणशास्त्रे<br>न्यायदर्शनस्य उपयोगिता | दिल्ली संस्कृत<br>अकादमी सभागार |
| 21) | 25/01/2025 | गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में<br>''राष्ट्रिय संस्कृत कवि सम्मेलन''<br>एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम | दिल्ली संस्कृत<br>अकादमी सभागार |
| 22) | 20/02/2025 | संस्कृत संगोष्ठी<br>विषय:-<br>1) भारतीय दर्शन एवं ज्ञान परम्परा<br>2) भारतीय ज्ञान परम्परा-मीमांसा दर्शन | मिराण्डा हाउस<br>महाविद्यालय,<br>दिल्ली |
| 23) | 08/03/2025 | संस्कृत उत्सव (सांस्कृतिक कार्यक्रम)<br>नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुति | दिल्ली हॉट, आई.<br>एन.ए., नई दिल्ली |
| 24) | 21/03/2025 | विश्व कविता दिवस के उपलक्ष्य में<br>''युवा संस्कृत कवि सम्मेलन'' | दिल्ली संस्कृत<br>अकादमी सभागार |
| 25) | 29/03/2025 | डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी की<br>जयंती एवं वर्षप्रतिपदा के उपलक्ष्य में<br>संस्कृत भाषण प्रतियोगिता | दिल्ली संस्कृत<br>अकादमी सभागार |

# दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार

## (1) स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय संस्कृत कवि सम्मेलन
## दिनांक 11.08.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन आई.टी.ओ. स्थित हिन्दी भवन सभागार में दिनांक 11.08.2024 को किया गया। इस कवि सम्मेलन में डॉ. परमानन्द झा, डॉ. ऋषिराज पाठक, डॉ. युवराज भट्टराई, डॉ. सर्वेशकुमार मिश्र, डॉ. अंजू रानी, प्रो. भागीरथी नन्द, प्रो. कृष्णचन्द्र त्रिपाठी, प्रो. दयाल सिंह पंवार, प्रो. आशुतोष दयाल माथुर तथा डॉ. राजकुमार मिश्र इत्यादि देश के विभिन्न राज्यों से आये प्रतिष्ठित संस्कृत कवियों ने स्वतन्त्रता आन्दोलन, राष्ट्रभक्ति पर वीर रस से ओत प्रोत अपने काव्य पाठ से श्रोता गणों को मन्त्रमुग्ध किया।

## (2) स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम
## दिनांक 11.08.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आई.टी.ओ. स्थित हिन्दी भवन सभागार में दिनांक 11.08.2024 को किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्री सुधांशु बहुगुणा की स्वरतृष्णा संस्था द्वारा संस्कृत गीतों, हिन्दी चलचित्रों के गीतों के संस्कृत अनुवाद को पाश्चात्य संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया इसके अतिरिक्त भारत के विभिन्न प्रान्तों के लोक गीतों के संस्कृत अनुवाद की संगीतमय प्रस्तुति करते हुए रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## (3) गुरुकुलीय संस्कृत प्रतियोगिता
## एकल श्लोक संगीत प्रतियोगिता
## दिनांक 14.08.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार के द्वारा अगस्त माह में गुरुकलीय छात्रों के लिए मध्यमा स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत दिनांक 14.08.2024 को पूर्वाह्न में संस्कृत एकल श्लोक संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिताओं में दिल्ली स्थित विभिन्न गुरुकुलों से कुल 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः कु. चेतना को रु.2500/-, श्री गोविन्द को रु.2000/- तथा श्री मनीष ठाकुर को रु. 1800/- पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये गये तथा प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप कु. सारिका, श्री आदित्य झा तथा श्री अभिलाष कुमार झा प्रत्येक को रु.800/- प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के रूप में प्रो. सुमन कुमार झा, डॉ. गवीश

## ( 4 ) गुरुकुलीय संस्कृत प्रतियोगिता
## व्याकरण सूत्र-अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता
## दिनांक 14.08.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार के द्वारा अगस्त माह में गुरुकलीय छात्रों के लिये मध्यमा स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत दिनांक 14.08.2024 को व्याकरण सून्त्रात्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दिल्ली स्थित विभिन्न गुरुकुलों से कुल 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें प्रथम तीन विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः श्री प्रभात पटैरिया को रु.2500/-, श्री राजू साह को रु.2000/- तथा श्री जगदीश चन्द्र को रु.1800/- पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये गये तथा प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में श्री आदर्श तिवारी, श्री अनूप विजल्वाण तथा श्री आशुतोष चौधरी प्रत्येक को रु.800/- प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. दोलामणि आर्य, डॉ. शंकरदत्त पाण्डेय तथा डॉ. नारायण मिश्र उपस्थित थे।

## ( 5 ) गुरुकुलीय संस्कृत प्रतियोगिता
## वेद मन्त्रान्त्याक्षरी प्रतियोगिता
## दिनांक 16.08.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार के द्वारा अगस्त माह में गुरुकलीय छात्रों के लिये मध्यमा स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत दिनांक 16.08.2024 को व्याकरण सून्त्रात्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दिल्ली स्थित विभिन्न गुरुकुलों से कुल 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें प्रथम तीन विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः श्री रुद्र पाण्डेय को रु.2500/-, श्री आयुष कुमार को रु.2000/-, श्री सुमित तिवारी को रु.1800/- तथा प्रोत्साहन पुरस्कार स्वरूप श्री आयुष, श्री पुष्पम खतिवाड़ा तथा श्री अक्षत फुलारा प्रत्येक को रु.800/- प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के रूप में प्रो. हनुमान मिश्र, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार तथा डॉ. वेदवर्धन उपस्थित थे।

## ( 6 ) गुरुकुलीय संस्कृत प्रतियोगिता
## श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता
## दिनांक 16.08.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार के द्वारा अगस्त माह में गुरुकलीय छात्रों के लिये मध्यमा स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत दिनांक 16.08.2024 को व्याकरण सून्त्रात्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न गुरुकुलों से कुल 15 प्रतिभागीयों ने भाग

लिया। जिनमें प्रथम तीन विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप क्रमशः श्री हिमांशु शर्मा को रु.2500/-, श्री रोहित मिश्रा को रु.2000/-, तथा श्री आयुष शर्मा को रु.1800/- प्रदान किये गये तथा प्रोत्साहन पुरस्कार स्वरूप श्री सच्चिदानन्द पाण्डेय, श्री आदर्श तिवारी तथा श्री उज्ज्वल केष्टवाल प्रत्येक को रु.800/- प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के रूप में प्रो. अजय झा, डॉ. चन्दन कुमार झा तथा श्री दिनेश चन्द्र शर्मा उपस्थित थे।

## (7) संस्कृत दिवस के अवसर पर संगोष्ठी
## विषय - 'संस्कृत दिवस की परम्परा एवं प्रासंगिता'
## एवं 'आधुनिक विश्वम् अथ संस्कृतस्य वर्धमानः पदक्रमः'
## दिनांक 19.08.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा दिनांक 19.08.2024 को संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन आई.टी.ओ. स्थित हिन्दी भवन सभागार में किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. बलदेवानन्द सागर एवं अकाशवाणी में संस्कृतवार्ता सम्पादक डॉ. नारायणदत्त मिश्र द्वारा क्रमशः 'संस्कृत दिवस की परम्परा एवं प्रासंगिता' तथा 'आधुनिक विश्वम् अथ संस्कृतस्य वर्धमानः पदक्रमः' विषय पर अपने सार-गर्भित वक्तव्य से संस्कृत दिवस की महत्ता तथा आधुनिक विश्व में संस्कृत के बढ़ते कद पर अपना व्याखान दिया। इस अवसर पर अनेक संस्कृत प्रेमी तथा विद्वान् उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिल्ली शिक्षानिदेशालय में संस्कृत प्रवक्ता डॉ. शंकरदत्त पाण्डेय द्वारा किया गया।

## (8) संस्कृत दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम
## दिनांक 19.08.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा दिनांक 19.08.2024 को संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्री सुधांशु बहुगुणा के स्वरतृष्णा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संस्कृत गीतों, हिन्दी चलचित्रों के गीतों के संस्कृत अनुवाद को पाश्चात्य संगीत के माध्यम से तथा भारत के विभिन्न प्रान्तों के लोक गीतों के संस्कृत अनुवाद को संगीतमय रूप में प्रस्तुत किया गया। इसी अवसर पर आयोजित प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. बलदेवानन्द सागर एवं अकाशवाणी में संस्कृतवार्ता सम्पादक डॉ. नारायणदत्त मिश्र तथा डॉ. शंकरदत्त पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## (9) संगोष्ठी
## विषय - सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में संस्कृतनिष्ठ पत्रकारिता
## दिनांक 04.10.2024

दिल्ली विश्वविद्यालय के आई.टी.ओ. स्थित माता सुन्दरी महाविद्यालय में दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा दिनांक 04.10.2024 को महाविद्यालय के संयुक्ततत्त्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। **सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में संस्कृतनिष्ठ पत्रकारिता** विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. बदेवानन्द सागर तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय के संस्कृत विभाग में आचार्या प्रो0 मीरा द्विवेदी ने अपने सारगर्भित व्याख्यान से उपस्थित लगभग 150 छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया। इस अवसर पर अन्य वक्ता के रूप में श्रीमती ऋचा तथा डॉ. नारायण दत्त मिश्र द्वारा भी अपने विचार प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. हरप्रीत कौर भी उपस्थित रहीं।

## (10) विद्यालय स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता
## संस्कृत श्लोक संगीत प्रतियोगिता (एकल)
## दिनांक 20.11.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार के द्वारा झण्डेवालान, करोलबाग स्थित अकादमी सभागार में दिनांक 20.11.2024 को पूर्वाह्न में दिल्ली शिक्षा निदेशालय के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं हेतु संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 20.11.2024 को कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए संस्कृत श्लोक संगीत प्रतियोगिता (एकल) आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिताओं में कुल 12 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें प्रथम तीन विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमश: कु.स्नेहा बेरा को रु.2000/-, कु. वैष्णवी सिंह को रु.1800/-, तथा श्री अर्णव को रु.1500/- तथा प्रोत्साहन पुरस्कार स्वरूप श्री अभिनन्दनराज को रु.500/- प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के रूप में मिराण्डा हाउस महाविद्यालय की सह-प्राध्यापिका डॉ. श्रद्धा शुक्ला तथा प्रसिद्ध संगीतज्ञ श्री जितेन्द्र सिंह जी उपस्थित थे।

## (11) विद्यालय स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता
## संस्कृत श्लोक संगीत प्रतियोगिता (एकल)
## दिनांक 20.11.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार के द्वारा झण्डेवालान, करोलबाग स्थित अकादमी सभागार में दिनांक 20.11.2024 को अपराह्न में दिल्ली शिक्षा निदेशालय के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं हेतु संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 20.11.2024 को संस्कृत श्लोक संगीत प्रतियोगिता(एकल) कक्षा

9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गयी। इन प्रतियोगिताओं में कुल 6 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें प्रथम तीन विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः कु.भूमि जोशी को रु.2000/-, कु. स्मिता झा को रु.1800/- तथा कु. दीपिका को रु.1500/- तथा प्रोत्साहन पुरस्कार स्वरूप कु. मेघा शर्मा को रु.500/- प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सौरभ तथा संगीत विशेषज्ञा सुश्री स्नेहा झा उपस्थित थे।

## (12) विद्यालय स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता
## संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता
## दिनांक 21.11.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार के द्वारा झण्डेवालान, करोलबाग स्थित अकादमी सभागार में दिनांक 21.11.2024 को पूर्वाह्न में दिल्ली शिक्षा निदेशालय के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं हेतु संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 21.11.2024 को कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं के 3 दल उपस्थित हुए। जिनमें निर्णायक मण्डल के सर्वसम्मत निर्णयानुसार विजेता प्रतिभागियों के रूप में श्री शिवम, श्री प्रिंस, श्री आदर्श झा, श्री आदित्य पाल, श्री राघव एवं श्री शिवा प्रत्येक को प्रथम पुरस्कार के रूप में रु.500/- की राशि प्रादान की गयी। द्वितीय पुरस्कार के रूप में कु. प्रयांशी शुक्ला, श्री वरदान तथा कु. नैंसी प्रत्येक को रु. 400/- की पुरस्कार राशि प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त श्री गोलू सिंह को तृतीय पुरस्कार के रूप में रु. 300/- की राशि प्रदान की गयी। साथ ही विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के रूप में लेडी श्रीराम महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. वन्दना एस. भान तथा विवेकानन्द महाविद्यालय के सहायक प्राध्यपक डॉ. अनीश मिश्रा उपस्थित थे।

## (13) विद्यालय स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता
## संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता
## दिनांक 21.11.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार के द्वारा झण्डेवालान, करोलबाग स्थित अकादमी सभागार में दिनांक 21.11.2024 को पूर्वाह्न में दिल्ली शिक्षा निदेशालय के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं हेतु संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 21.11.2024 को कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं का एक दल उपस्थित हुआ। जिनमें निर्णायक मण्डल के सर्वसम्मत निर्णयानुसार विजेता प्रतिभागियों के रूप में श्री आदित्य, श्री नैतिक, श्री नितांशु एवं श्री हंसराज प्रत्येक को प्रथम पुरस्कार के रूप में रु.500/- की राशि प्रदान की गयी। इसके

अतिरिक्त विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के रूप में लेडी श्रीराम महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. वन्दना एस. भान तथा विवेकानन्द महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. अनीश मिश्रा उपस्थित थे।

## ( 14 ) विद्यालय स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता
## संस्कृत श्लोक संगीत प्रतियोगिता ( सामूहिक )
## दिनांक 21.11.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार के द्वारा करोलबाग, झण्डेवालान स्थित अकादमी सभागार में दिनांक 21.11.2024 को अपराह्न में दिल्ली शिक्षा निदेशालय के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं हेतु संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 21.11.2024 को कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए संस्कृत श्लोक संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं का एक दल उपस्थित हुआ। जिनमें निर्णायक मण्डल के सर्वसम्मत निर्णयानुसार विजेता प्रतिभागियों के रूप में श्री शिवम, श्री प्रिंस, श्री आदर्श, श्री आदित्य पाल, श्री शिवा एवं श्री राघव प्रत्येक को प्रथम पुरस्कार के रूप में रु.500/- की राशि प्रादान की गयी। इसके अतिरिक्त विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के रूप में गार्गी महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता त्रिपाठी तथा संगीत विशेषज्ञ श्री कुलदीप जोशी उपस्थित थे।

## ( 15 ) विद्यालय स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता
## संस्कृत श्लोक संगीत प्रतियोगिता ( सामूहिक )
## दिनांक 21.11.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार के द्वारा करोलबाग, झण्डेवालान स्थित अकादमी सभागार में दिनांक 21.11.2024 को अपराह्न में दिल्ली शिक्षा निदेशालय के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं हेतु संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 21.11.2024 को कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए संस्कृत श्लोक संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं का एक दल उपस्थित हुआ। जिनमें निर्णायक मण्डल के सर्वसम्मत निर्णयानुसार विजेता प्रतिभागियों के रूप में कु. भूमि जोशी, कु.नम्रता पाठक, कु. रूपा कुमारी, कु.पलक मिश्रा, कु. प्रिया एवं कु. दिव्या प्रत्येक को प्रथम पुरस्कार के रूप में रु.500/- की राशि प्रादान की गयी। इसके अतिरिक्त विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के रूप में गार्गी महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता त्रिपाठी तथा संगीत विशेषज्ञ श्री कुलदीप जोशी उपस्थित थे।

## ( 16 ) विद्यालय स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता
## संस्कृत भाषण प्रतियोगिता
## दिनांक 22.11.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार के द्वारा झण्डेवालान, करोलबाग स्थित अकादमी सभागार में दिनांक 22.11.2024 को पूर्वाह्न में दिल्ली शिक्षा निदेशालय के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं हेतु संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 22.11.2024 को कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए संस्कृत भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में कुल 4 प्रतिभागी उपस्थित हुए। जिनमें निर्णायक मण्डल के सर्वसम्मत निर्णयानुसार कु. लक्ष्मी कुमारी को प्रथम पुरस्कार के रूप में रु.2000/- की राशि, श्री शिवम को द्वितीय पुरस्कार के रूप में रु.1800/-, तृतीय पुरस्कार के रूप में श्री कृष्णराज को रु. 1500/- तथा प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में श्री गोलू सिंह को रु. 500/- की राशि प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के रूप में मिराण्डा हाउस महाविद्यालय की सह-प्राध्यापिका डॉ. रेखा अरोड़ा तथा भारती महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रेमवल्लभ देवली उपस्थित थे।

## ( 17 ) विद्यालय स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता
## संस्कृत भाषण प्रतियोगिता
## दिनांक 22.11.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार के द्वारा झण्डेवालान, करोलबाग स्थित अकादमी सभागार में दिनांक 22.11.2024 को पूर्वाह्न में दिल्ली शिक्षा निदेशालय के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं हेतु संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 22.11.2024 को कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए संस्कृत भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में कुल 5 प्रतिभागी उपस्थित हुए। जिनमें निर्णायक मण्डल के सर्वसम्मत निर्णयानुसार कु. ख्वाहिश को प्रथम पुरस्कार के रूप में रु.2000/- की राशि, कु. अर्पिता को द्वितीय पुरस्कार के रूप में रु.1800/-, तृतीय पुरस्कार के रूप में श्री साऊद्दीन अहमद सैफी को रु. 1500/- तथा प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में कु. मुस्कान को रु. 500/- की राशि प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल के रूप में मिराण्डा हाउस महाविद्यालय की सह-प्राध्यापिका डॉ. रेखा अरोड़ा तथा भारती महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रेमवल्लभ देवली उपस्थित थे।

## ( 18 ) विद्यालय स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता
## संस्कृत प्रश्न मंच प्रतियोगिता
## दिनांक 22.11.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार के द्वारा करोलबाग, झण्डेवालान स्थित अकादमी सभागार में दिनांक 22.11.2024 को अपराह्न में दिल्ली शिक्षा निदेशालय के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं हेतु संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 22.11.2024 को कक्षा 11 व 12 वीं के छात्र-छात्राओं के लिए संस्कृत प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में कुल 3 प्रतिभागी उपस्थित हुए। इस प्रतियोगिता में कु. नेहा भट्ट को प्रथम पुरस्कार के रूप में रु.2000/- की राशि, कु. ख्वाहिश को द्वितीय पुरस्कार के रूप में रु.1800/-, तृतीय पुरस्कार के रूप में श्री साऊद्दीन अहमद सैफी को रु. 1500/- की राशि प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रश्न चयन कर्ता एवं निर्णायक के रूप में श्री नितीश भारद्वाज उपस्थित थे।

## ( 19 ) संस्कृत साहित्योत्सव के अन्तर्गत द्विदिवसीय व्याखानमाला
## दिनांक 26.11.2024 एवं 27.00.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा दिनांक 26.11.2024 एवं 27.11.2024 को अशोक विहार स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय के महाविद्यालय लक्ष्मीबाई महाविद्यालय में **'संस्कृत साहित्योत्सव'** के अवसर पर एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित व्याखानमाला में **'संस्कृत एवं नवचिन्तन परम्परा'** एवं **'संस्कृत एवं विज्ञान की अन्योन्याश्रितता'** इन विषयों पर विद्वानों द्वारा अपने शोध-पत्र पढ़े गये। इस व्याखानमाला में दिल्ली विश्वविद्यालय में कला संकाय में संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. ओमनाथ विमली, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में संस्कृत एवं प्राच्यविद्या अध्ययन संस्थान के आचार्य प्रो. गिरीश नाथ झा, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के सदस्य सचिव प्रो. सच्चिदानन्द मिश्र, लक्ष्मीबाई महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रत्यूष वत्सला, प्रो. भारतेन्दु पाण्डेय, प्रो. रामनाथ झा, डॉ. कान्ता भाटिया, प्रो. अजय कुमार झा, प्रो. अनीता शर्मा, डॉ. दोलामणि आर्य, डॉ.ऋचा उपाध्याय, डॉ. चन्दन कुमार मिश्र, डॉ. धनंजयमणि त्रिपाठी, डॉ. दिलीप कुमार जैसवाल, डॉ. ऋषिराज पाठक, डॉ. आशीष कुमार, प्रो. बलराम पाणी, प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी तथा प्रो. अंजू सेठ इत्यादि अनेक विद्वान् उपस्थित थे।

## ( 20 ) संस्कृत साहित्योत्सव के अन्तर्गत
## संस्कृत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन
## दिनांक 27.11.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा दिनांक 27.11.2024 को अशोक विहार स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय के महाविद्यालय लक्ष्मीबाई महाविद्यालय में **'संस्कृत साहित्योत्सव'** के अवसर पर स्नातक/स्नातकोत्तर/शास्त्री/आचार्य स्तर पर **संस्कृत भाषण प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में दिल्ली विश्वविद्यालय एवं दिल्ली स्थित विभिन्न संस्कृत विद्यालयों/विश्वविद्यालयों के संस्कृत छात्र/छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 6 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री सौरभ पोखरियाल को प्राप्त हुआ जिन्हें पुरस्कार स्वरूप रु.2500/- प्रदान किये गये। द्वितीय स्थान श्री लक्ष्मण न्यौपाने को प्राप्त हुआ जिन्हें पुरस्कार स्वरूप रु.2000/- प्रदान किये गये। तृतीय स्थान कु. शिल्पी को प्राप्त हुआ। जिन्हें रु.1800/- प्रदान किये गये। इन विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के रूप में लक्ष्मीबाई महाविद्यालय में संस्कृत विभाग के आचार्य डॉ. दोलामणि आचार्य, इन्द्रप्रस्थ महाविद्यालय में संस्कृत विभाग में सहायक आचार्या डॉ. श्रद्धा उपाध्याय एवं मिरांडा हाउस महाविद्यालय में सहायक आचार्य डॉ. चन्दन कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

## ( 21 ) संस्कृत साहित्योत्सव के अन्तर्गत
## संस्कृत गद्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन
## दिनांक 27.11.2024

दिल्ली संस्कृत अकादमी, दिल्ली सरकार द्वारा दिनांक 27.11.2024 को अशोक विहार स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय के महाविद्यालय लक्ष्मीबाई महाविद्यालय में **'संस्कृत साहित्योत्सव'** के अवसर पर स्नातक/स्नातकोत्तर/शास्त्री/आचार्य स्तर पर **संस्कृत गद्यपाठ प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस संस्कृत गद्य-पाठ प्रतियोगिता में दिल्ली विश्वविद्यालय एवं दिल्ली स्थित विभिन्न संस्कृत विद्यालयों/विश्वविद्यालयों के संस्कृत छात्र/छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री आर्येश को प्राप्त हुआ, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप रु.2500/- प्रदान किये गये। द्वितीय स्थान श्री सौरभ पोखरियाल को प्राप्त हुआ, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप रु.2000/- प्रदान किये गये। तृतीय स्थान श्री ऋषभ कुणाल को प्राप्त हुआ, जिन्हें रु.1800/- प्रदान किये गये। इन विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के रूप में जामिया मीलिया इस्लामिया में संस्कृत विभाग में सहायक आचार्य डॉ. धनंजयमणि त्रिपाठी, विवेकानन्द महाविद्यालय में संस्कृत विभाग में सहायक आचार्य डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में संस्कृत विभाग के आचार्य डॉ. ऋषिराज पाठक उपस्थित रहे।